# सृजन

## कक्षा-3

## अध्यापक सहायक-पुस्तिका

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

**(क)** भारत के वीर सैनिक कैसे हैं?

उत्तर— धीर, वीर, गंभीर व अचल हैं।

**(ख)** भारत का प्रहरी कौन है?

उत्तर— सैनिक।

**2. पद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

हम प्रहरी ऊँचे हिमगिरि के,
सुरभि स्वर्ग की लेते हैं।
हम हैं शांतिदूत धरणी के,
छाँह सभी को देते हैं।

**(क)** हम प्रहरी हैं—

हिमगिरि के ✓    अमेरिका के ☐

**(ख)** सुरभि लेते हैं—

स्वर्ग की ✓    नरक की ☐

**(ग)** हम हैं धरणी के—

उग्रवादी ☐    शांतिदूत ✓

**(घ)** सभी को देते हैं—

पैसा ☐    छाँह ✓

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. सोचो और बताओ—**

**(क)** भारत के राष्ट्रध्वज में रंग हैं— **तीन**

**(ख)** राष्ट्रध्वज के बीच में लगा चक्र प्रतीक है— **प्रगति का**

**(ग)** चक्र में तीलियाँ हैं— **चौबीस**

**(घ)** चक्र लिया गया है— **अशोक स्तंभ से**

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो—**

हम प्रभात की **नई किरण हैं,**
हम दिन के **आलोक नवल।**
हम नवीन **भारत के सैनिक,**
धीर **वीर, गंभीर** अचल।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**( क )** 'नई किरण' कविता के रचयिता कौन हैं?

उत्तर— 'नई किरण' कविता के रचयिता रामधारी सिंह 'दिनकर' हैं।

**( ख )** बालक ने अपने को किन आँखों का उजाला कहा है?

उत्तर— बालक ने अपने को वीर-प्रसू माँ की आँखों का उजाला कहा है।

**( ग )** बालक ने अपनी तुलना किन महापुरुषों से की है?

उत्तर— बालक ने अपनी तुलना शिवाजी व महाराणा प्रताप से की है।

**( घ )** बालक किसके आगे मस्तक नहीं झुकाएगा?

उत्तर— बालक झुल्मी के आगे मस्तक नहीं झुकाएगा।

**भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)**

**6. समानार्थी शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| गंगा | **भागीरथी** | किरण | **रश्मि** |
| सुरभि | **सुगंध** | नवीन | **नया** |
| प्रभात | **सवेरा** | अचल | **अडिग** |

**7. तुकांत शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| नवल | **अचल** | रोटियाँ | **चोटियाँ** |
| लेते | **देते** | धीर | **वीर** |
| उजियाले | **रखवाले** | घास | **रास** |

# 2 मनौती

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

**मौखिक प्रश्न (Oral Questions)**

**1. सही उत्तर बताओ—**

**( क )** सभी गाँव वाले औरत को क्या कहकर पुकारते थे?

उत्तर— मनो दीदी।

**( ख )** मनो दीदी का बेटा कैसे बीमार हो गया?

उत्तर— गंदा पानी पीने से।

**( ग )** डॉक्टर से दवा लेकर आते हुए मनो दीदी को कौन मिला?

उत्तर— बुधिया।

**( घ )** बुधिया ने देवताओं का बादशाह किसे बताया?

उत्तर— गोबर को।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

वहीं पास में एक खुले मैदान में पीपल का पेड़ था। पेड़ के नीचे अकसर गायों का झुंड आकर बैठ जाता था। इसलिए पेड़ के आस-पास खूब गोबर बिखरा रहता था।

**( क )** मैदान में किसका पेड़ था—

आम का ☐ पीपल का ☑

(ख) पेड़ के नीचे अकसर कौन आकर बैठता था—

गायों का झुंड ☐ गाँव के बच्चे ✓

(ग) पेड़ के आस-पास क्या बिखरा रहता था—

जामुन ☐ गोबर ✓

**बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

**3. सोचो और बताओ—**

(क) पाँच ऐसे पेड़-पौधों के नाम जिन पर फल लगते हैं।

उत्तर— आम, केला, सेब, आड़ू, नाशपाती।

(ख) पाँच ऐसे पेड़-पौधों के नाम जिन पर फूल खिलते हैं।

उत्तर— गुलाब, चमेली, गेंदा, सूरजमुखी, चंपा।

(ग) तीन ऐसे पेड़-पौधों के नाम जिन पर काँटे होते हैं।

उत्तर— कैक्टस, गुलाब, बबूल।

(घ) तीन ऐसे पेड़-पौधों के नाम जिनकी पूजा की जाती है।

उत्तर— अशोक, पीपल, केला।

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

**पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)**

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

(क) बुधिया की सभी से **मजाक** करने की आदत थी।

(ख) मनो दीदी ने खुशी में गोबर के आस-पास पक्का **चबूतरा** बनवा दिया।

(ग) साधु ने देखा कि मैदान के बीचों-बीच पक्का **कमरा** बना है।

(घ) गाँव के लोग भी वहाँ **श्रद्धा** से माथा टेकने आने लगे।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) मनो दीदी कहाँ रहती थी?

उत्तर— मनो दीदी पंढरपुर गाँव में रहती थी।

(ख) मनो दीदी के बेटे को क्या हुआ था?

उत्तर— मनो दीदी का बेटा गंदा पानी पीकर बीमार पड़ गया था।

(ग) बुधिया ने मनो दीदी के साथ क्या मजाक किया?

उत्तर— बुधिया ने मैदान में पड़े गोबर के ढेर को देवताओं का बादशाह बताकर उसकी पूजा करने को कहकर मनो दीदी से मजाक किया।

(घ) मनो दीदी के बेटे को देखकर सब लोग क्या कहते थे?

उत्तर— मनो दीदी के बेटे को देखकर सब लोग कहते कि ''असली बादशाह तो ये हैं, इन्होंने ही तो गोबर देवता को ढूँढ़ निकाला था।''

**भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)**

**6. सोचो और लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बैठना | **बैठा** | **बैठी** | **बैठे** |
| आना | **आया** | **आयी** | **आए** |
| सुनना | **सुना** | **सुनी** | **सुने** |
| समझना | **समझा** | **समझी** | **समझे** |
| माँगना | **माँगा** | **माँगी** | **माँगे** |

**7. लिंग बदलकर लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| औरत | **आदमी** | गाय | **बैल** |
| बेटे | **बेटी** | देवता | **देवी** |
| काका | **काकी** | साधु | **साध्वी** |

# 3 काली कोयल काली क्यों

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

**मौखिक प्रश्न (Oral Question)**

**1. सही उत्तर बताओ—**

**(क)** सुनहरी चिड़िया कैसी लगती थी?

उत्तर— स्वर्ण परी।

**(ख)** जंगल के सभी जीव-जंतु सुनहरी चिड़िया को क्या कहकर पुकारते थे?

उत्तर— सोनल।

**(ग)** सुनहरी के मन में क्या लालसा थी?

उत्तर— सबसे ऊँचा उड़ने की।

**(घ)** सुनहरी चिड़िया को किसने बचाया?

उत्तर— बरगद बाबा ने।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

सारा जंगल इन चिड़ियों की चहचहाहट से गूँजता रहता था। इन छोटी-बड़ी, मोटी-पतली चिड़ियों की सरदार थी—एक सुनहरी चिड़िया। इस चिड़िया का रंग सोने जैसा था।

**(क)** सारा जंगल किससे गूँजता रहता था—

चिड़ियों की चहचहाहट से ✓    शिकारी की गोलियों से ☐

**(ख)** चिड़ियों की सरदार थी—

सुनहरी चिड़िया ✓    दर्जी चिड़िया ☐

**(ग)** सुनहरी चिड़िया का रंग कैसा था—

सूरज की किरणों जैसा ☐    सोने जैसा ✓

**बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

**3. संकेत के आधार पर चिड़ियों के नाम पूरे करो—**

**(क)** यह सबसे छोटी चिड़िया है। **हमिंग बर्ड**

**(ख)** इस पक्षी को रात में दिखाई देता है। **उल्लू**

**(ग)** यह गाना गाती है। **बुलबुल**

**(घ)** यह हरी मिर्च खाती है। **तोता**

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

(क) सोनल चिड़िया जंगल की **रानी** थी।

(ख) सोनल किसी से सीधे मुँह **बात** नहीं करती थी।

(ग) गुमसुम देखकर उसे बूढ़े बाबा ने **समझाया।**

(घ) बूढ़े बाबा ने उसे प्यार से **सहलाया।**

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) सोनल को क्या घमंड हो गया था?

उत्तर—सोनल को अपने रंग-रूप व चमकीली आँखों पर घमंड हो गया था।

(ख) सोनल काली कैसे हो गई?

उत्तर—सूरज की गर्मी के कारण सोनल का शरीर झुलस गया और उसका रंग काला हो गया।

(ग) बरगद के वृक्ष ने सोनल को क्या समझाया?

उत्तर—बरगद के वृक्ष ने सोनल को समझाया—''इस दुनिया में रंग-रूप का कोई महत्तव नहीं है। लोग उसी को अच्छा मानते हैं जिसमें गुण हों।''

### भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. विलोम शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सुंदर | **बदसूरत** | आकाश | **पाताल** |
| मोटी | **पतली** | गुण | **अवगुण** |
| बूढ़ा | **जवान** | मीठी | **कड़वी** |

**7. वचन बदलकर लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| चिड़िया | **चिड़ियाँ** | काला | **काले** |
| नदी | **नदियाँ** | बूढ़ा | **बूढ़े** |
| परी | **परियाँ** | गर्मी | **गर्मियाँ** |

**8. समझो और लिखो—**

| | |
|---|---|
| उड़ता | **उड़ते-उड़ते** |
| रहता | **रहते-रहते** |
| जाता | **जाते-जाते** |
| थोड़ा | **थोड़े-थोड़े** |
| गाता | **गाते-गाते** |

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

**(क)** टॉम को क्या अच्छी लग रही थी?

उत्तर—मीठी-मीठी धूप।

**(ख)** टॉम की मौसी का क्या नाम था?

उत्तर—पौली।

**(ग)** किसे देखकर टॉम गाना गाने लगा?

उत्तर—बैन रोजर।

**(घ)** बगीचे की दीवार कितने फुट की थी?

उत्तर—नौ फुट।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

टॉम बचपन से ही पौली मौसी के पास रहता था। पौली मौसी बहुत अनुशासनप्रिय महिला थीं। वे समय की भी बहुत पाबंद थीं। रविवार हो या सोमवार, वे 'अधिक काम और थोड़ा आराम' में विश्वास रखती थीं।

**(क)** टॉम बचपन से कहाँ रहा—

मौसी के यहाँ ✓ मामा के यहाँ ☐

**(ख)** टॉम की मौसी कैसी महिला थीं—

घमंडी ☐ अनुशासनप्रिय ✓

**(ग)** पौली मौसी किस बात में विश्वास रखती थीं—

अधिक आराम थोड़ा काम ☐ अधिक काम थोड़ा आराम ✓

**3. पाठ के आधार पर 'सही' या 'गलत' लिखो—**

**(क)** टॉम नौ बजे उठा था। गलत

**(ख)** टॉम समय का पाबंद था। गलत

**(ग)** बैन रोजन ने टॉम को सेब दिया। सही

**(घ)** शाम तक दीवार पर चार बार पुताई हो चुकी थी। गलत

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**4. सोचो और बताओ ये कथन किसके हैं—**

**(क)** आराम हराम है। पं० जवाहरलाल नेहरू

**(ख)** तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूँगा। सुभाषचंद्र बोस

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**5. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

**(क)** टॉम **रजाई** से निकला और बगीचे में बैठ गया।

(ख) तभी घर का नौकर जिम **बाल्टी** लिए बाहर आया।

(ग) टॉम एक ओर बैठकर **सेब** खाने लगा।

(घ) बिली के कई बार कहने पर टॉम ने **कंचे** लिए।

**6. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) टॉम मन-ही-मन में क्या सोचा रहा था?

उत्तर— टॉम मन-ही-मन सोच रहा था—'न पाठशाला जाना है, न कोई काम है। काश! रोज रविवार होता।'

(ख) टॉम की मौसी ने उसे क्या काम दिया?

उत्तर— टॉम की मौसी ने उसे पुताई करने का काम सौंपा।

(ग) बैन रोजन को देखकर टॉम क्या करने लगा?

उत्तर— बैन रोजर को देखा टॉम गीत गाने लगा और अपने काम में जुट गया।

(घ) पुताई के लिए बच्चों ने टॉम को क्या-क्या दिया?

उत्तर— पुताई के लिए बच्चों ने टॉम को सेब, कंचे, गेंद, खिलौना दिए।

## भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**7. रंगीन छपे शब्द संज्ञा हैं या सर्वनाम लिखो—**

| | |
|---|---|
| (क) **तुम** मेरा काम कर दो। | सर्वनाम |
| (ख) सब **बच्चे** एक-एक करके पुताई करते। | संज्ञा |
| (ग) वे यहीं खेलेंगे और **मेरा** मजाक उड़ाएँगे। | सर्वनाम |
| (घ) टॉम ने **उसकी** बात अनसुनी कर दी। | सर्वनाम |
| (ङ) जिम **बाल्टी** लिए बाहर आया। | संज्ञा |

**8. समझो और लिखो—**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बैठ | + | कर | = | **बैठकर** | मुड़ | + | कर | = | **मुड़कर** |
| बच | + | कर | = | **बचकर** | हँस | + | कर | = | **हँसकर** |
| जाग | + | कर | = | **जागकर** | चल | + | कर | = | **चलकर** |

# सतत मूल्यांकन-I (Continuous Evaluation-I)
## (पाठ 1 से 4)

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) भारत का प्रहरी कौन है?

उत्तर—सैनिक।

(ख) बुधिया ने देवताओं का बादशाह किसे बताया?

उत्तर—गोबर को।

(ग) जंगल के सभी जीव-जंतु सुनहरी चिड़िया को क्या कहकर पुकारते थे?

उत्तर—सोनल।

(घ) टॉम की मौसी का क्या नाम था?

उत्तर—पौली।

**2. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाओ—**

(क) हम प्रहरी हैं—

| | | | |
|---|---|---|---|
| तालाब के | ☐ | हिमगिरि के | ✓ |

(ख) पेड़ के आस-पास क्या बिखरा रहता था—

| | | | |
|---|---|---|---|
| जामुन | ☐ | गोबर | ✓ |

(ग) सारा जंगल किससे गूँजता रहता था—

| | | | |
|---|---|---|---|
| चिड़ियों की चहचहाहट | ✓ | शिकारी की गोलियों से | ☐ |

(घ) टॉम बचपन से कहाँ रहा—

| | | | |
|---|---|---|---|
| मौसी के यहाँ | ✓ | मामा के यहाँ | ☐ |

**3. बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

**सोचो और बताओ—**

(क) भारत के राष्ट्रध्वज में रंग हैं— **तीन**

(ख) राष्ट्रध्वज के बीच में लगा चक्र प्रतीक है— **प्रगति का**

(ग) चक्र में तीलियाँ हैं— **चौबीस**

(घ) चक्र लिया गया है— **अशोक स्तंभ**

# 4 बकरा, बछड़ा और कौआ

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

1. **सही उत्तर बताओ—**

**(क)** किसकी मित्रता देखकर कौआ जलता था?

उत्तर—बकरे और बछड़े की।

**(ख)** सेवइयाँ और खीर में कौए ने क्या डाला?

उत्तर—हड्डी।

2. **पद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

बकरे ने अपमान समझकर
बछड़े को ललकारा।
धर्मभीरु बछड़े को,
उसने सींग पेट में मारा।

**(क)** अपमान किसने समझा—

बकरे ने ✓ कौए ने ☐

**(ख)** बछड़े के पेट में सींग किसने मारा—

बकरे ने ✓ बैल ने ☐

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

3. **सोचो और बताओ—**

**(क)** कौए का रंग होता है— **काला**/सफेद

**(ख)** मीठा बोलती है— कौआ/**कोयल**

**(ग)** रोशनी का त्योहार कहलाता है— **दीपावली**/होली

**(घ)** सींग किसके होते हैं— **बकरे के**/बछड़े के

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

5. **कविता की पंक्तियाँ पूरी करो—**

उन दोनों की **देख मित्रता,**
एक कौआ **जलता** था।
उन दोनों का **मिलकर** रहना,
**कौए** को **खलता** था।

5. **इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**(क)** मित्रता किस-किसमें थी?

उत्तर—बकरे व बछड़े में मित्रता थी।

**(ख)** बछड़ा दीपावली पर बकरे के यहाँ क्या भिजवाता था?

उत्तर—बछड़ा दीपावली पर बकरे के यहाँ खीर भिजवाता था।

(ग) बकरा ईद पर बछड़े के यहाँ क्या भेजता था?

उत्तर— बकरा ईद पर बछड़े के यहाँ सेवइयाँ भेजता था।

(घ) बकरे और बछड़े में झगड़ा किसने करवाया?

उत्तर— बकरे और बछड़े में झगड़ा कौए ने करवाया।

**भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)**

**6. सोचो और लिखो—**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| एक | + | ता | = | **एकता** |
| पा | + | ता | = | **पाता** |
| डर | + | ता | = | **डरता** |
| देख | + | ता | = | **देखता** |
| मित्र | + | ता | = | **मित्रता** |

**7. विलोम शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| गाँव | **नगर** | दिन | **रात** |
| मोटा | **पतला** | दोष | **गुण** |
| अपमान | **सम्मान** | मित्र | **शत्रु** |

# 6 राजा के जूते

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

**मौखिक प्रश्न (Oral Questions)**

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) विनायक की माता किस देवता की भक्ति करती थीं?

उत्तर— गणेश जी की।

(ख) महिष्मति ने राजा का क्या नाम था?

उत्तर— नीलध्वज।

(ग) विनायक दत्त ने क्रोध में आकर क्या किया?

उत्तर— गणेश जी की मूर्ति को दूसरी जगह रख दिया।

(घ) विनायक पर क्या आरोप लगा?

उत्तर— महाराज के जूते चुराने का।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

महिष्मति नगरी में एक गरीब ब्राह्मण रहता था। उसका पुत्र विनायक दत्त ग्वालों के साथ वन में बछड़ों को चराने जाता था। वन में मुद्गल मुनि रहते थे। वह उनसे शिक्षा लेने लगा।

(क) गरीब ब्राह्मण रहता था—

अँधेर नगरी में ☐ महिष्मति नगरी में ☑

(ख) विनायक दत्त क्या करता था—

राजमहल में चौकीदार ☐ वन में बछड़ों को चराने का काम ☑

**( ग )** विनायक ने किस मुनि से शिक्षा ली—

मुद्गल ☐ वशिष्ठ ☑

**बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

**3. भगवान गणेश के अन्य नाम वर्ग पहेली में से छाँटकर लिखो—**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | रा | ज | म | ह | का | को | सु |
| सि | ली | दो | मा | पु | जू | ग | सी |
| द्धि | कू | ग | ण | प | ति | जा | आ |
| वि | च | ता | र | जू | स | न | जा |
| ना | लं | बो | द | र | न | न | ण |
| य | ण | ह | सा | ति | पी | कु | लं |
| क | ख | जा | ग | न्न | पा | र | स |

सिद्धिविनायक
लंबोदर
गणपति
गजानन

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

**पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)**

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

**( क )** राजा ने विनायक को उच्च पद पर **नियुक्त** किया।

**( ख )** विनायक **घमंड** में चूर होकर भगवान को भूल गया।

**( ग )** सिपाही विनायक दत्त को **राजा** के सामने लाए।

**( घ )** विनायक दत्त महाराज को **प्रणाम** कर घर गया।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**( क )** माता विनायक की उन्नति का कारण किसे मानती थी?

उत्तर— माता विनायक की उन्नति का कारण गणेश भगवान की कृपा मानती थी।

**( ख )** माता द्वारा खाना न देने पर विनायक ने क्या किया?

उत्तर— माता द्वारा खाना न देने पर विनायक ने गणेश जी की मूर्ति को दूसरी जगह पर रख दिया।

**( ग )** विनायक को अपनी भूल का अहसास कब हुआ?

उत्तर— विनायक दत्त को अंत:पुर में जाते ही अपनी भूल का अहसास हुआ।

**( घ )** ज्योतिषी ने विनायक दत्त की सहायता कैसे की?

उत्तर— ज्योतिषी ने राजा से विनायक दत्त को छुड़वाकर सहायता की। उन्होंने राजा को बताया कि आज वह मणिमय जड़ाऊ जूता पहनना बहुत ही खराब था इसलिए उन्होंने विनायक दत्त को अपने आने की निशानी वहाँ छोड़कर उन मनहूस जूतों को उठा लाने को कहा था।

**भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)**

**6. विलोम शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| उन्नति | **अवनति** | अपमान | **सम्मान** |
| शुभ | **अशुभ** | दु:ख | **सुख** |
| काला | **गोरा** | विश्वास | **अविश्वास** |

**7. लिंग बदलकर लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| भगवान | **भगवती** | पुत्र | **पुत्री** |
| सेवक | **सेविका** | बछड़ा | **बछिया** |
| चोर | **चोरनी** | अन्नदाता | **अन्नदात्री** |

# 7 पाप की कमाई

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

**(क)** रत्नाकर कौन था?

उत्तर— खूँखार दस्यु।

**(ख)** पहले संत ने रत्नाकर से क्या पूछा?

उत्तर— ''तुम इतना पाप क्यों कर रहे हो?''

**(ग)** रत्नाकर संतों को कहाँ बाँध गया?

उत्तर— विशाल वट वृक्ष से।

**(घ)** रत्नाकर ने पत्नी से क्या पूछा?

उत्तर— ''क्या तुम पाप की कमाई में मेरी साथिन हो? क्या तुम मेरे लिए अपना बलिदान दे सकती हो?''

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

उसी क्षण से रत्नाकर ने पाप की कमाई छोड़ दी। वह सत्कर्म में लग गया। संतों का आशीर्वाद फला। वह महर्षि वाल्मीकि के नाम से विख्यात हुआ। महर्षि वाल्मीकि ने संस्कृत में रामायण की रचना की।

**(क)** रत्नाकर किसमें लग गया—

सत्कर्म में ✓     व्यापार में ☐

**(ख)** रत्नाकर आगे चलकर किस नाम से प्रसिद्ध हुए—

द्रोणाचार्य ☐     वाल्मीकि ✓

**(ग)** महर्षि वाल्मीकि ने किस ग्रंथ की रचना की—

महाभारत ☐     रामायण ✓

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. सोचो और बताओ—**

**(क)** हिंदुओं का पवित्र ग्रंथ है— **रामायण**

**(ख)** सिखों का पवित्र ग्रंथ है **गुरु ग्रंथ साहिब**

**(ग)** ईसाइयों का पवित्र ग्रंथ है— **बाइबिल**

**(घ)** मुसलमानों का पवित्र ग्रंथ है— **कुरान**

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**5. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

**(क)** महावन से कुछ **संत** गुजर रहे थे।

**(ख)** मेरी संतान को भी मुझसे बहुत **स्नेह** है।

**(ग)** पत्नी का उत्तर सुनकर दस्यु रत्नाकर का **चेहरा** उतर गया।

**(घ)** संत दस्यु रत्नाकर को **आशीर्वाद** देकर चले गए।

5. **इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**(क)** संतों को किसने बंदी बनाया?

उत्तर— खूँखार दस्यु रत्नाकर ने संतों को बंदी बनाया।

**(ख)** रत्नाकर की आँखें कैसे खुलीं?

उत्तर— परिवार के सदस्यों के उत्तर सुनकर रत्नाकर की आँखें खुलीं।

**(ग)** वाल्मीकि के आश्रम में रहने वाली साध्वी का क्या नाम था?

उत्तर— वाल्मीकि के आश्रम में रहने वाली साध्वी का नाम सीता था।

**(घ)** आदिकवि किसे कहा जाता है?

उत्तर— महर्षि वाल्मीकि को आदिकवि कहा जाता है।

**भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)**

6. **शुद्ध रूप लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अर्शीवाद | **आशीर्वाद** | पतिवत्रा | **पतिव्रता** |
| वल्मीकि | **वाल्मीकि** | महर्षि | **महर्षि** |
| संसकतृ | **संस्कृत** | जबाव | **जवाब** |

7. **वर्ण विच्छेद करो—**

| | |
|---|---|
| सीता | **स् + ई + त् + आ** |
| बंदी | **ब् + न् + द् + ई** |
| वृक्ष | **व् + ऋ + क्ष् + अ** |
| परिवार | **प् + अ + र् + इ + व् + आ + र् + अ** |
| पाप | **प् + आ + प् + अ** |

8. **निम्नलिखित वाक्यों में से संज्ञा शब्द छाँटकर उसका भेद लिखो—**

**(क)** मैं आपका इकलौता पुत्र हूँ।

उत्तर— पुत्र—जातिवाचक संज्ञा।

**(ख)** परिवार के सदस्यों का उत्तर सुनकर उसकी आँखें भर आईं।

उत्तर— परिवार—समुदायवाचक संज्ञा।

**(ग)** रत्नाकर ने पाप की कमाई छोड़ दी।

उत्तर— रत्नाकर—व्यक्तिवाचक संज्ञा।

**(घ)** सीता जी ने लव और कुश को जन्म दिया।

उत्तर— सीता, लव-कुश—व्यक्तिवाचक संज्ञा।

# 8 स्वस्थ शरीर—सुखी संसार

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

**मौखिक प्रश्न (Oral Questions)**

1. **सही उत्तर बताओ—**

**(क)** अध्यापक जी ने बच्चों से क्या प्रश्न किया?

उत्तर— संसार में कौन-सा व्यक्ति सबसे अधिक सुखी है?

(ख) रमेश ने सबसे अधिक सुखी किसे बताया?

उत्तर— जिस व्यक्ति के पास ढेर सारी धन-दौलत हो।

(ग) हमें कैसा भोजन करना चाहिए?

उत्तर— संतुलित भोजन।

(घ) स्वास्थ्य का सबसे पहला नियम क्या है?

उत्तर— जल्दी सो जाना, जल्दी उठ जाना।
स्वस्थ, समृद्ध, विद्वान हो जाना।।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

प्रात:काल की शुद्ध वायु में साँस लेने से शरीर में स्फूर्ति और ताजगी आती है। इससे हमारा रक्त भी शुद्ध होता है। स्वच्छता और स्वास्थ्य में बहुत घनिष्ठ संबंध है। स्वच्छता के अंतर्गत प्रतिदिन स्नान करना, दाँतों में ब्रश करना, नाखूनों तथा बालों की सफाई-कटाई आदि बातें आती हैं।

(क) शुद्ध वायु में साँस लेने से शरीर में आती है—
आलस्य व कमजोरी ☐ स्फूर्ति व ताजगी ☑

(ख) घनिष्ठ संबंध है—
स्वच्छता और बीमारी में ☐ स्वच्छता और स्वास्थ्य में ☑

(ग) स्वच्छता के अंतर्गत आता है—
प्रतिदिन स्नान करना ☑ सप्ताह में दो बार स्नान करना ☐

(घ) हम शुद्ध वायु प्राप्त करते हैं—
प्रात: ☑ सायं ☐

**बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

**3. संकेत के आधार पर शब्द पूरा करो—**

(क) विटामिन 'सी' प्राप्ति का स्रोत **नींबू**

(ख) विटामिन 'डी' प्राप्ति का स्रोत **सूर्य**

(ग) संपूर्ण आहार कहलाता है **दूध**

(घ) फलों का राजा कहलाता है **आम**

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

**पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)**

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

(क) अच्छे **स्वास्थ्य** से बढ़कर दूसरी कोई चीज नहीं हो सकती।

(ख) हमें **सूर्योदय** के पूर्व जाग जाना चाहिए।

(ग) व्यायाम भी स्वास्थ्य के लिए **लाभप्रद** होता है।

(घ) भोजन ठीक समय पर और खूब **चबाकर** करना चाहिए।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) संतुलित भोजन किसे कहते हैं?

उत्तर— जिस भोजन में हरी सब्जियाँ, दालें, दूध, मक्खन और फल जैसी वस्तुएँ समुचित मात्रा में हों अर्थात् सभी आवश्यक पोषक तत्त्वों से युक्त भोजन को संतुलित भोजन कहते हैं।

(ख) स्वस्थ रहने के लिए क्या आवश्यक है?

उत्तर— स्वस्थ रहने के लिए स्वास्थ्य संबंधी नियमों का पालन करना आवश्यक है।

**( ग )** बीमार और अस्वस्थ लोगों का स्वभाव कैसा होता है?

उत्तर—बीमार और अस्वस्थ लोगों का स्वभाव क्रोधी एवं चिड़चिड़ा होता है।

**( घ )** दाँतों की सफाई का स्वास्थ्य से क्या संबंध है?

उत्तर—दाँतों की सफाई न करने से दाँतों की दरारों में गंदगी जमा हो जाती है और मुँह से दुर्गंध आने लगती है। यह गंदगी खाने के साथ पेट में चली जाती है और व्यक्ति बीमार हो जाता है। इसलिए दाँतों की सफाई अत्यंत आवश्यक है।

**भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)**

**6. निम्नलिखित शब्दों से एक-एक नया शब्द बनाओ—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| संसार | **सांसारिक** | घनिष्ठ | **घनिष्ठता** |
| स्वस्थ | **स्वास्थ्य** | प्रयास | **प्रयासरत** |
| पूर्व | **पूर्वकाल** | आनंद | **आनंदमय** |

**7. विलोम शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| वरदान | **शाप** | हल्का | **भारी** |
| सूर्योदय | **सूर्यास्त** | आवश्यक | **अनावश्यक** |

**8. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| अनिवार्य | अच्छा स्वास्थ्य जीवन के लिए **अनिवार्य** है। |
| स्वस्थ | व्यायाम करने से सभी **स्वस्थ** रहते हैं। |
| संतुलित | हमें **संतुलित** भोजन करना चाहिए। |
| शुद्ध | हमें **शुद्ध** वायु में सैर करनी चाहिए। |

## सतत मूल्यांकन-II (Continuous Evaluation-II)

### (पाठ 5 से 8)

**1. सही उत्तर बताओ—**

**( क )** किसकी मित्रता देखकर कौआ जलता था?

उत्तर—बकरे और बछड़े की।

**( ख )** विनायक पर क्या आरोप लगा?

उत्तर—महाराज के जूते चुराने का।

**( ग )** रत्नाकर कौन था?

उत्तर—खूँखार दस्यु।

**( घ )** रमेश ने सबसे अधिक सुखी किसे बताया?

उत्तर—जिस व्यक्ति के पास ढेर सारी धन-दौलत हो।

**2. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाओ—**

**( क )** बछड़े के पेट में सींग किसने मारा—

बकरे ने ☑ बैल ने ☐

**( ख )** विनायक ने किस मुनि से शिक्षा ली—

मुद्गल ☑ वशिष्ठ ☐

**( ग )** महर्षि वाल्मीकि ने किस ग्रंथ की रचना की—

महाभारत ☐ रामायण ☑

(घ) शुद्ध वायु में साँस लेने से शरीर में आती है—

आलस्य व कमजोरी ☐ स्फूर्ति व ताजगी ☑

3. **बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

**संकेत के आधार पर शब्द पूरे कीजिए—**

(क) विटामिन 'सी' प्राप्ति का स्रोत **नींबू**

(ख) विटामिन 'डी' प्राप्ति का स्रोत **सूर्य**

(ग) संपूर्ण आहार कहलाता है **दूध**

(घ) फलों का राजा कहलाता है **आम**

# 9 मित्र हमारा सबसे प्यारा

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

1. **सही उत्तर बताओ—**

(क) कवि हर समय किसके साथ रहने को कह रहा है?

उत्तर—मित्र के।

(ख) सच्चा मित्र किसके समान होता है?

उत्तर—ईश्वर के।

2. **पद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

साथ मित्र का कभी न छोड़ो,
अपने मित्र का दिल मत तोड़ो।
सच्चा मित्र है ईश्वर जैसा,
सदा मित्र के पीछे दौड़ो।

(क) किसका साथ मत छोड़ो—

मित्र का ☑ माली का ☐

(ख) मित्र का क्या मत तोड़ो—

पेंसिल बॉक्स ☐ दिल ☑

(ग) हमेशा कहाँ दौड़ो—

मित्र के आगे ☐ मित्र के पीछे ☑

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

3. **सोचो और बताओ—**

(क) अपने मित्र का नाम

(ख) आपका मित्र कहाँ रहता है?

(ग) आपको अपने मित्र की सबसे अच्छी बात क्या लगती है?

(घ) आपको अपने मित्र की कौन-सी बात अच्छी नहीं लगती है?

छात्र स्वयं करें।

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो—**

बच्चो सुन लो मेरी बात,
**चाहे दिन हो या फिर रात**
रहो मित्र के हर दम साथ,
**कुछ न छिपाओ उससे बात**

उससे अकड़ो कभी नहीं,
**उससे झगड़ो कभी नहीं**
मित्र तुम्हारा सबसे प्यारा।
**उस पर बिगड़ो कभी नहीं।**

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**(क)** मित्र से कभी क्या नहीं करना चाहिए?

उत्तर— मित्र से कभी झगड़ा नहीं करना चाहिए।

**(ख)** हमें नींद कब नहीं आएगी?

उत्तर— जब हमारा मित्र परेशान होगा हमें नींद नहीं आएगी।

**(ग)** सच्चा मित्र कैसा होता है?

उत्तर— सच्चा मित्र ईश्वर जैसा है।

**(घ)** कविता का सारांश लिखो।

उत्तर— कविता में बताया गया है कि सच्चा मित्र ईश्वर के समान होता है। हमें उसका साथ कभी नहीं छोड़ना चाहिए। उससे झगड़ा नहीं करना चाहिए। हमें मित्र का दिल नहीं दुखाना चाहिए।

### भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. तुकांत शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बात | **रात** | दिल | **मिल** |
| अकड़ो | **बिगड़ो** | सच्चा | **अच्छा** |

**7. पर्यायवाची शब्द लिखो—**

| | | |
|---|---|---|
| दिन | **दिवस** | **वार** |
| मित्र | **दोस्त** | **सखा** |
| ईश्वर | **भगवान** | **परमात्मा** |

# 10 अपनी सहायता आप

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

**(क)** पाँचों मित्र कहाँ रहते थे?

उत्तर— नीलगिरि की पहाड़ियों से सटे एक जंगल—सुरवन में।

**(ख)** कौन बहुत चंचल था?

उत्तर— खरगोश।

**(ग)** खरगोश ने अपने मित्रों से मिलना बिल्कुल क्यों बंद कर दिया?

उत्तर— कुत्ते के भय के कारण।

(घ) खरगोश ने किससे सहायता माँगी?

उत्तर— खरगोश ने अपने मित्रों गाय, गधा, घोड़ा और बकरी से सहायता माँगी।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

पाँचों मित्रों के दिन बड़े मजे में गुजर रहे थे। एक दिन अचानक सुरवन में कहीं से एक मोटा-ताजा जंगली कुत्ता आ गया। खरगोश के लिए अब बिल से निकलना मुश्किल हो गया था, क्योंकि कुत्ता हमेशा उसकी ताक में रहता था।

(क) पाँचों मित्रों के दिन किस प्रकार गुजर रहे थे—

दु:ख में ☐ मजे में ☑

(ख) अचानक सुरवन में कौन आ गया—

शेर ☐ एक जंगली कुत्ता ☑

(ग) कुत्ता हमेशा किसकी ताक में रहता था—

खरगोश की ☑ गाय की ☐

(घ) खरगोश के लिए क्या मुश्किल हो गया—

सोना ☐ बिल से बाहर निकलना ☑

**3. किसने कहा? किससे कहा—**

(क) ''वह मुझे नोच खाएगा।'' **गाय** ने **खरगोश** से

(ख) ''दुलत्ती तो पिछले पैरों से मारनी पड़ती है।'' **घोड़े** ने **खरगोश** से

(ग) ''मेरे पीछे एक कुत्ता पड़ा है।'' **खरगोश** ने **गाय** से

(घ) ''मैं तो सबसे छोटी और निर्बल हूँ।'' **बकरी** ने **खरगोश** से

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**4. सोचो और बताओ—**

(क) गाय के रहने का स्थान **छप्पर**

(ख) खरगोश रहता है **बिल में**

(ग) घोड़े के रहने का स्थान **अस्तबल**

(घ) खरगोश के अतिरिक्त बिल में रहता है **साँप**

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

### पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) चारों मित्र उदास क्यों रहने लगे?

उत्तर— खरगोश के न होने से चारों मित्र उदास रहने लगे।

(ख) खरगोश बिल से बाहर क्यों नहीं निकलता था?

उत्तर— खरगोश के लिए बिल से निकलना मुश्किल हो गया था क्योंकि एक जंगली कुत्ता हमेशा उसकी ताक में रहता था।

(ग) खरगोश ने किस-किससे सहायता माँगी?

उत्तर— खरगोश ने गाय, घोड़ा, गधा, बकरी से सहायता माँगी।

(घ) सहायता माँगने पर बकरी ने खरगोश से क्या कहा?

उत्तर— सहायता माँगने पर खरगोश से बकरी ने कहा—''जब गाय, घोड़ा और गधा तुम्हारी सहायता न कर सके तब मैं क्या कर सकती हूँ? मैं तो सबसे छोटी और निर्बल हूँ।''

(ङ) अंत में खरगोश को क्या समझ में आ गया?

उत्तर— अंत में खरगोश की समझ में आ गया कि मुझे अपनी सहायता के लिए खुद पर भरोसा होना चाहिए।

## भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. निम्नलिखित शब्द समूहों में विशेषण शब्दों को रेखांकित कीजिए—**

| | | |
|---|---|---|
| **घना** जंगल | **पाँच** मित्र | **जंगली** कुत्ता |
| **पैने** सींग | **चंचल** खरगोश | **हरी-हरी** घास |

**7. निम्नलिखित संयुक्ताक्षरों से बने दो-दो शब्द लिखो—**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क् | + य | = | क्य | क्या | क्यारी |
| त् | + र | = | त्र | शस्त्र | पत्र |
| ल् | + क | = | ल्क | मुल्क | शुल्क |
| न् | + ह | = | न्ह | नन्हा | इन्हें |
| श् | + क | = | श्क | मुश्किल | इश्क |

**8. अनुस्वार या अनुनासिक लगाकर शब्द पूरा करो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| पूछ | **पूँछ** | बद | **बंद** |
| आख | **आँख** | बाछे | **बाँछे** |
| चचल | **चंचल** | हसा | **हँसा** |
| हू | **हूँ** | छलाग | **छलाँग** |

# 11 आइज़क न्यूटन

### सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

## मौखिक प्रश्न (Oral Question)

**1. सही उत्तर बताओ—**

**(क)** न्यूटन बाल्यावस्था में कैसा था?

उत्तर—शर्मीला।

**(ख)** न्यूटन को क्या करना अच्छा लगता था?

उत्तर—हथौड़ी लेकर ठुक-ठुक करना, मिट्टी के घर बनाना, उल्टी-सीधी चीजें बनाना।

**(ग)** जब न्यूटन के पिता की मृत्यु हुई तो वह कितने वर्ष का था?

उत्तर—दस वर्ष का।

**(घ)** पिता की मृत्यु के बात न्यूटन की पढ़ाई की जिम्मेदारी किसने ली?

उत्तर—उसके मामा ने।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

बारह साल की अवस्था में उसने एक हवाई-चक्की बनाई। फिर एक घड़ी बनाई जो पानी से चलती थी। इस यंत्र में पानी एक बर्तन से दूसरे में गिरता था जिससे सुइयाँ घूमने लगती थीं। यह घड़ी बिल्कुल ठीक समय देती थी।

**(क)** बारह साल की अवस्था में न्यूटन ने क्या बनाई—

हवाई चक्की ☑ बैटरी ☐

**(ख)** न्यूटन द्वारा बनाई गई घड़ी किससे चलती थी—

पेट्रोल से ☐ पानी से ☑

(ग) क्या न्यूटन द्वारा बनाई गई घड़ी सही समय देती थी—

हाँ ✓ नहीं ☐

(घ) एक बर्तन से दूसरे बर्तन में गिरता था—

पानी ✓ शरबत ☐

## बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. सोचो और बताओ—**

| | |
|---|---|
| (क) पृथ्वी किस बल के कारण सभी चीजें अपनी ओर खींचती है | **गुरुत्वाकर्षण बल** |
| (ख) चंद्रमा पर पहुँचने वाला पहला व्यक्ति | **नील आर्मस्ट्रांग** |
| (ग) 'पौधों में भी जीवन है।' यह सिद्ध करने वाला वैज्ञानिक | **जगदीशचंद बसु** |
| (घ) रेडियम की खोज करने वाली वैज्ञानिक | **मैडम क्यूरी** |

# समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

## पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

(क) न्यूटन का जन्म एक **निर्धन** परिवार में हुआ था।

(ख) पादरी पिता ने न्यूटन की **पढ़ाई-लिखाई** की जिम्मेदारी ले ली।

(ग) न्यूटन इसी तरह **की जोड़-तोड़** करता रहता था।

(घ) बचपन की आदत **भविष्य** में काम आई।

(ङ) **न्यूटन** का नाम **जगत्** में सदा अमर रहेगा।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) न्यूटन ने विज्ञान में क्या-क्या योगदान दिया?

उत्तर—विज्ञान के अधिकांश नियम न्यूटन के ही बनाए हुए हैं। न्यूटन ने नई-नई खोजें की, गणित कीं कई शाखाएँ निकालीं, विज्ञान की पेचीदा बातों को हल करके उनका अर्थ निकाला और उन्हें गणित से सिद्ध किया।

(ख) किस घटना ने न्यूटन को बदल दिया?

उत्तर—एक दिन कक्षा में पहले नंबर पर पास होने वाला बालक न्यूटन से उलझ पड़ा। उस दिन से न्यूटन ने ठान लिया कि उसे पीछे नहीं रहना है। वह पढ़ाई में लग गया और कक्षा में प्रथम स्थान लेकर पास होने लगा।

(ग) न्यूटन को 'विज्ञान जगत का पिता' क्यों कहा जाता है?

उत्तर—न्यूटन को विज्ञान जगत् का पिता कहा जाता है क्योंकि न्यूटन ने ही विज्ञान के अधिकांश नियम बनाए हैं।

## भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. शुद्ध शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सर्मीला | **शर्मीला** | विगयान | **विज्ञान** |
| नयुटण | **न्यूटन** | नक्षतरों | **नक्षत्रों** |
| प्रकास | **प्रकाश** | रूची | **रुचि** |
| गणीत | **गणित** | कछा | **कक्षा** |

**7. वचन बदलकर लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अलमारी | **अलमारियाँ** | चक्की | **चक्कियाँ** |
| किताबें | **किताब** | कंडील | **कंडीलें** |
| घड़ी | **घड़ियाँ** | अवस्था | **अवस्थाएँ** |
| गुत्थी | **गुत्थियाँ** | जिम्मेदारी | **जिम्मेदारियाँ** |

**8. वाक्यांश के लिए एक-एक शब्द लिखो—**

(क) जिसके पास धन न हो **निर्धन**

(ख) आने वाला समय **भविष्य**

(ग) सात दिन का समय **सप्ताह**

(घ) कम बोलने वाला **मितभाषी**

# 12 कश्मीर की यात्रा

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

### मौखिक प्रश्न (Oral Questions)

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) यह पत्र किसने किसको लिखा?

उत्तर— अतुल श्रीवास्तव ने अपने मित्र को।

(ख) पत्र में किस पर्यटन स्थल के बारे में बताया गया है?

उत्तर— कश्मीर।

(ग) अतुल के चाचा जी कहाँ रहते थे?

उत्तर— श्रीनगर में।

(घ) सोन मार्ग देखने के लिए कौन-सी घाटी पार करनी पड़ती है?

उत्तर— सिंधु घाटी।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

श्रीनगर झेलम नदी के दोनों ओर बसा हुआ है। यह बड़ा ही सुंदर नगर है। इसका नया बसा हुआ भाग बहुत खुला और अच्छा बना हुआ है। हमने श्रीनगर के सुंदर-सुंदर कई स्थान देखे, जिनमें शालीमार बाग, शाही चश्मा और निशात बाग आदि प्रमुख हैं।

(क) झेलम नदी के दोनों ओर कौन-सा शहर बसा है—

श्रीनगर ✓ आगरा ☐

(ख) श्रीनगर में सुंदर बाग है—

विक्टोरिया गांधी ☐ निशात शालीमार ✓

(ग) श्रीनगर नगर है—

सुंदर ✓ अव्यवस्थित ☐

### बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)

**3. सोचो और बताओ—**

(क) पत्र कौन लाता है?

उत्तर— डाकिया।

(ख) पत्र पेटिका किस रंग की होती है?

उत्तर— लाल।

## पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-base समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

**4. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**(क)** अतुल अपने मित्र के पत्र का उत्तर शीघ्र क्यों नहीं दे सका?

उत्तर— अतुल अपने मित्र के पत्र का उत्तर शीघ्र इसलिए नहीं दे सका क्योंकि वह एक महीने की कश्मीर यात्रा पर गया हुआ था।

**(ख)** पीरपंचाल की चोटी बानीहाल से कितनी ऊँची है?

उत्तर— पीरपंचाल की चोटी बनिहाल से लगभग 2000 मीटर की ऊँचाई पर है।

**(ग)** डूंगे से क्या तात्पर्य है?

उत्तर— जिन कश्तियों में कई-कई कमरे और रसोईघर होते हैं उन्हें 'डूंगे' कहते हैं।

**(घ)** अतुल ने पहलगाँव में कौन-कौन से स्थान देखे?

उत्तर— अतुल ने पहलगाँव में शिकारगाह, वाइसरन, चंदनबाड़ी, तुलियान लेक आदि स्थान देखे।

## भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)

**6. शुद्ध शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| उँचाई | **ऊँचाई** | यधपि | **यद्यपि** |
| गुलर्मग | **गुलमर्ग** | रुप | **रूप** |
| छुठि्टयाँ | **छुट्टियाँ** | शंक्षिप्त | **संक्षिप्त** |

**6. निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया शब्दों को रेखांकित करो—**

| | |
|---|---|
| **(क)** तुम्हारा पत्र मिला। | मिला |
| **(ख)** हमने खाना खाया। | खाया |
| **(ग)** मैं उनके पास चला गया था। | चला गया थाा |
| **(घ)** कश्मीर में अधिकतर लोग हाउसबोट में रहते हैं। | रहते हैं |

**7. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| कार्यक्रम | हमने कश्मीर घूमने का **कार्यक्रम** बनाया। |
| उदास | उसका भाई फेल होने के कारण **उदास** बैठा है। |
| पसंद | रीना का जलेबी खाना बहुत **पसंद** है। |
| यात्रा | हमारी श्रीनगर की **यात्रा** बहुत रोमांचक थी। |

## सतत मूल्यांकन-III (Continuous Evaluation-III)

**(पाठ 9 से 12)**

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) सच्चा मित्र किसके समान होता है?

उत्तर—ईश्वर के।

(ख) पाँचों मित्र कहाँ रहते थे?

उत्तर—नीलगिरि की पहाड़ियों से सटे एक जंगल—सुरवन में।

(ग) पिता की मृत्यु के बाद न्यूटन की पढ़ाई की जिम्मेदारी किसने ली?

उत्तर—उसके मामा ने।

(घ) अतुल के चाच जी कहाँ रहते थे?

उत्तर—श्रीनगर।

**2. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाओ—**

(क) मित्र का क्या मत तोड़ो—

पेंसिल बॉक्स ☐ दिल ✓

(ख) अचानक सुरवन में कौन आ गया—

शेर ☐ एक जंगली कुत्ता ✓

(ग) न्यूटन द्वारा बनाई गई घड़ी किससे चलती थी—

पेट्रोल से ☐ पानी से ✓

(घ) श्रीनगर में सुंदर बाग है—

विक्टोरिया गांधी ☐ निशात शालीमार ✓

**बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

**3. सोचो और बताओ—**

(क) घोड़े के रहने का स्थान कहलाता है **अस्तबल**

(ख) 'पौधों में भी जीवन है।' यह सिद्ध करने वाला वैज्ञानिक **जगदीशचंद बसु**

(ग) चंद्रमा पर पहुँचने वाला पहला व्यक्ति **नील आर्मस्ट्रांग**

(घ) पत्र पेटिका किस रंग की होती है? **लाल रंग की**

13.

# 13 एक बूँद

**मौखिक प्रश्न (Oral Questions)**

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) बादलों की गोद से कौन निकली?

उत्तर—बूँद।

(ख) बूँद क्या सोचने लगी?

उत्तर—वह घर छोड़कर क्यों निकली।

**2. पद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

बह गई उस काल एक ऐसी हवा,
वह समुंदर ओर आई अनमनी।
एक सुंदर सीप का मुँह था खुला,
वह उसी में जा पड़ी, मोती बनी।।

(क) हवा के वेग से क्या हुआ—

आँधी आई ☐ बूँद समुंदर में गिर गई ✓

(ख) समुंदर में किसका मुँह खुला हुआ था—

सीप का ✓ मछली का ☐

(ग) जब बूँद सीप में गिरी तो वह क्या बन गई—

जहर ☐ मोती ✓

**बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

**3. संकेत के आधार पर शब्द पूरा कीजिए—**

(क) समुद्र का जल होता है— | खा | रा | खारा

(ख) जल में रहने वाले जीव कहलाते हैं— | ज | ल | च | र | जलचर

(ग) जल में उगने वाला एक फूल— | क | म | ल | कमल

**समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)**

**पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based**

**4. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो—**

ज्यों निकल कर **बादलों की गोद** से,
थी अभी एक बूँद **कुछ आगे बढ़ी।**
सोचने **फिर फिर यही जी में** लगी,
आह, **क्यों घर छोड़कर मैं यों** कढ़ी।।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) बूँद ने देव से क्या पूछा?

उत्तर—बूँद ने देव से कहा कि मेरे भाग्य में क्या लिखा है वह बच जाएगी या धूल में मिल जाएगी या वह किसी अंगारे पर गिरकर जल जाएगी या फिर कमल के फूल पर जा गिरेगी।

(ख) लोग घर छोड़ते समय क्या सोचते हैं?

उत्तर—लोग घर छोड़ते समय सोचते हैं कि हम भविष्य की चिंता में घर छोड़कर बाहर तो निकल गए हैं लेकिन क्या हमारे साथ अच्छा होगा।

(ग) इस कविता से क्या शिक्षा मिलती है?

उत्तर—इस कविता से शिक्षा मिलती है कि किसी भी कार्य को करने से पहले उसके नकारात्मक पक्ष को ही नहीं सोचना चाहिए। शायद कार्य के अंत में सबकुछ अच्छा हो जाए।

**भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)**

**6. समानार्थी शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| बादल | **मेघ** | समुद्र | **सागर** |
| देव | **देवता** | घर | **गृह** |
| फूल | **पुष्प** | कमल | **पंकज** |

**7. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| भाग्य | **भाग्य** बहुत बलवान होता है। |
| काल | प्रात:**काल** में हवा चल रही थी। |
| अनमनी | वह **अनमनी**–सी विद्यालय जा रही थी। |
| कमल | **कमल** हमारा राष्ट्रीय पुष्प है। |

# 14 पॉलीथीन : धरती पर नरक

**सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)**

**मौखिक प्रश्न (Oral Questions)**

**1. सही उत्तर बताओ—**

**( क )** राहुल कहाँ खड़ा था और उसने क्या किया?

उत्तर— आँगन में खड़ा था उसने अखबार उठा लिया।

**( ख )** राहुल के पिताजी कहाँ से आए थे?

उत्तर— घूमकर।

**( ग )** पहले लोग बाजार से सामान किसमें लाते थे?

उत्तर— कागज के लिफाफों में।

**( घ )** कूड़ा बीनने वाले लोग पॉलीथीन का क्या करते हैं?

उत्तर— कारखानों में बेच देते हैं।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

''पहले कागज की थैलियाँ प्रयोग करने के बाद या तो गल जाती थीं या उन्हें जला देते थे। प्लास्टिक की थैलियाँ न तो जलती हैं और न ही सड़ती हैं। यदि हम इन्हें जलाने की कोशिश करते हैं तो इनमें से जहरीली गैस निकलकर हमें बहुत नुकसान पहुँचाती हैं।'' राहुल के पिता ने बताया।

**( क )** पहले कैसी थैलियाँ प्रयोग होती थीं—

प्लास्टिक की ☐ कागज की ✓

**( ख )** प्लास्टिक थैलियों को जलाने से निकलती है—

शुद्ध वायु ☐ जहरीली गैस ✓

**बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

**3. सोचो और बताओ—**

| | | |
|---|---|---|
| **( क )** | खेलने वाला | **खिलाड़ी** |
| **( ख )** | पढ़ने वाला | **पाठक** |
| **( ग )** | सुनने वाला | **श्रोता** |
| **( घ )** | बोलने वाला | **वक्ता** |

## समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)

**पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)**

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

**(क)** विज्ञान ने हमें बहुत सारी **सुविधाएँ** दी हैं।

**(ख)** थैलियों को खाने से पशुओं की **मृत्यु** भी हो जाती है।

**(ग)** थैलियाँ गंदगी और **बीमारियाँ** फैलाती हैं।

**(घ)** थैलियों में **खाने** का सामान नहीं रखना चाहिए।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**(क)** राहुल ने क्या पलटकर देखा?

उत्तर— राहुल ने अखबार पलटकर देखा।

**(ख)** अखबार के पिछले पन्ने पर क्या लिखा था?

उत्तर— अखबार के पिछले पन्ने पर लिखा था—''प्लास्टिक की थैली रूपी जहर से बचो। पॉलीथीन की थैलियों का प्रयोग रोको।''

**(ग)** प्लास्टिक थैलियाँ किस प्रकार हानिकारक हैं?

उत्तर— प्लास्टिक की पुरानी थैलियों को गलाकर उनमें रंग मिलाकर नई थैलियाँ बनाई जाती हैं। इन थैलियों में खाने का सामान रखा जाता है तब वह रंग खाने की चीजों में मिल जाता है। यह जहर है जो धीरे-धीरे हमारे स्वास्थ्य पर असर डालता है।

**(घ)** प्लास्टिक की थैलियों के प्रयोग को कैसे रोका जा सकता है?

उत्तर— प्लास्टिक की थैलियों के स्थान पर कागज के लिफाफों का प्रयोग करके इनका प्रयोग रोका जा सकता है।

**भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)**

**6. उचित विराम चिह्न लगाकर वाक्य पुनः लिखो—**

**(क)** ''पिताजी**,** इन्हें किस प्रकार रोका जा सकता है**?**''

**(ख)** राहुल को कुछ समझ में नहीं आया**।**

**(ग)** ''अब तुम समझ सकते हो कि यह जहर है या नहीं**?**''

**(घ)** राहुल को उसमें लिखी बहुत**-**सी बातें समझ में नहीं आई**।**

**7. समझो और लिखो—**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | + | मान | **समान** | बे | + | रंग | **बेरंग** |
| सा | + | मान | **सामान** | अ | + | शुद्ध | **अशुद्ध** |
| प्र | + | योग | **प्रयोग** | वि | + | ज्ञान | **विज्ञान** |

# 15 भरत का त्याग

## सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)

**मौखिक प्रश्न (Oral Questions)**

**1. सही उत्तर बताओ—**

**(क)** दशरथ के कितने बेटे थे? सभी के नाम बताओ।

उत्तर— चार बेटे—राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न।

**(ख)** भरत और शत्रुघ्न कहाँ गए थे?

उत्तर— ननिहाल।

**(ग)** राम को कितने वर्ष का वनवास दिया गया?

उत्तर— चौदह वर्ष का।

**2. गद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

चिंता में डूबे दोनों भाई अयोध्या आ पहुँचे। उन्होंने देखा कि सभी ओर उदासी छाई हुई है। भरत को समझ नहीं आ रहा था कि आखिर क्या बात हुई है। वे सीधे माता कैकेयी के महल में गए।

(क) दोनों भाई कहाँ आ पहुँचे—

काशी ☐ अयोध्या ☑

(ख) दोनों भाइयों ने क्या देखा—

चारों ओर दीपक जल रहे हैं ☐ चारों ओर उदासी छाई है ☑

(ग) भरत सीधे किसके पास पहुँचे—

कैकेयी के ☑ दशरथ के ☐

**बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

**3. सोचो और बताओ—**

(क) भरत की माता का नाम था **कैकेयी**

(ख) भगवान राम का जन्म स्थान था **अयोध्या**

(ग) सीता का हरण करने वाला था **रावण**

(घ) रावण की बहन का नाम था **शुर्पणखा**

**समग्र मूल्यांकन (Comprehensive Evaluation)**

**पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based**

**4. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

(क) भरत और शत्रुघ्न अपने **ननिहाल** गए।

(ख) आप **अयोध्या** वापस चलें।

(ग) श्रीराम ने भरत को **प्यार** से उठाया।

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

(क) राजा दशरथ के चारों पुत्रों के नाम लिखो।

उत्तर— राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न।

(ख) रानी कैकेयी ने राजा दशरथ से क्या वरदान माँगे?

उत्तर— रानी कैकेयी ने राजा दशरथ से भरत के लिए अयोध्या का राज्य तथा राम को चौदह वर्ष का वनवास माँगा।

(ग) भरत ने राम से चरण पादुकाएँ क्यों माँगीं?

उत्तर— भरत ने राम की चरण पादुकाएँ इसलिए माँगीं जिससे वह उन्हें सिंहासन पर रखकर वह उनके सेवक की भाँति राज–काज चला सके।

**भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)**

**6. निम्नलिखित वाक्यों में से कर्ता शब्द चुनो—**

(क) राजकुमार रो पड़ा। **राजकुमार**

(ख) मैं उन्हें वापस लेकर आऊँगा। **मैं**

(ग) श्रीराम ने भरत को प्यार से उठाया। **श्रीराम**

**7. समझो और लिखो—**

**( क )** राजा दशरथ के चार बेटे थे। क्या राजा दशरथ के चार बेटे थे?

**( ख )** भरत वहाँ से सीधे माता कौशल्या के पास पहुँचा।

उत्तर— क्या भरत वहाँ से सीधे माता कौशल्या के पास पहुँचा?

**( ग )** अपने पिता की मृत्यु का समाचार सुनते ही दोनों राजकुमार रो पड़े।

उत्तर— क्या अपने पिता की मृत्यु का समाचार सुनते ही दोनों राजकुमार रो पड़े?

**( घ )** राम ने भरत को गले से लगा लिया।

उत्तर— क्या राम ने भरत को गले से लगा लिया?

# 16 पुस्तक

**मौखिक प्रश्न (Oral Questions)** **सतत मूल्यांकन (Continuous Evaluation)**

**1. सही उत्तर बताओ—**

**( क )** क्या पढ़कर सारा अज्ञान मिट जाता है?

उत्तर— पुस्तक पढ़कर।

**( ख )** क्या पढ़कर कवि पुलकित हो जाता है?

उत्तर— भीष्म, कर्ण, अर्जुन, भीम, बुद्धदेव की कथा पढ़कर।

**2. पद्यांश पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनो—**

जब भी मैं पुस्तक पढ़ता हूँ
जब की सब सभ्यता पुरानी,
मातृभूमि की अमर कहानी,
जल्द ही सब पा जाता हूँ।

**( क )** जग की सभी सभ्यता कैसी है—

नई ☐ पुरानी ✓

**( ख )** कवि पुस्तक में क्या पढ़ता है—

मातृभूमि की अमर कहानी ✓ नानी की कहानी ☐

**( ग )** क्या पुस्तक पढ़कर ज्ञान प्राप्त होता है—

हाँ ✓ नहीं ☐

**बूझो पहेली (Puzzle/Quiz)**

**3. सोचो और बताओ—**

**( क )** राम की माता का नाम **कौशल्या**

**( ख )** कृष्ण की माता का नाम **देवकी**

**( ग )** अर्जुन व भीम की माता का नाम **कुंती**

**( घ )** भीष्म की माता का नाम **गंगा**

**( ङ )** भगवान गणेश की माता का नाम **पार्वती**

**पाठ पर आधारित प्रश्न (Text-based Questions)**

**4. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो—**

जब भी मैं **पुस्तक पढ़ता हूँ**
राम-कृष्ण **की तुतली बोली,**
**राधा जी की** आँख-मिचौली,
लगता है, **सुन-देख रहा हूँ।**

**5. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**(क)** जग की पुरानी सभ्यता को हम किस प्रकार जान सकते हैं?

उत्तर— पुस्तक पढ़कर हम जग की पुरानी सभ्यता को जान सकते हैं।

**(ख)** पुस्तक पढ़ने पर क्या-क्या पता चलता है?

उत्तर— पुस्तक में पुरानी सभ्यता, मातृभूमि की कहानी, राम कृष्ण की तुतली बोली, राधा की आँख-मिचौली, सूर, तुलसी, कबीर की कहानी, भीष्म-कर्ण, अर्जुन, भीम, बुद्धदेव की कथाओं का पता चलता है।

**(ग)** विज्ञान कब हाथ जोड़ लेता है?

उत्तर— जब सारा अज्ञान मिल जाता है विज्ञान हाथ जोड़ लेता है।

**भाषा पर आधारित प्रश्न (Language-based Questions)**

**6. समानार्थी शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अजब | **अजीब** | असीम | **बहुत अधिक** |
| सच्ची | **सत्य** | पुलकित | **खुश** |
| वाणी | **वचन** | सहज | **आसान** |

**7. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| कथा | माता ने मुझे राम की **कथा** सुनाई। |
| अज्ञान | पुस्तक पढ़कर **अज्ञान** दूर हो जाता है। |
| सभ्यता | हमारी **सभ्यता** बहुत प्राचीन है। |
| पुस्तक | **पुस्तक** में ज्ञान की बातें होती हैं। |

# सतत मूल्यांकन-IV (Continuous Evaluation-IV)

## (पाठ 13 से 16)

**1. सही उत्तर बताओ—**

(क) बादलों की गोद से कौन निकली?

उत्तर—बूँद।

(ख) राहुल के पिताजी कहाँ से आए थे?

उत्तर—घूमकर।

(ग) दशरथ के कितने बेटे थे? सभी के नाम बताओ।

उत्तर—चार बेटे—राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न।

(घ) क्या पढ़कर कवि पुलकित हो जाता है?

उत्तर—भीष्म, कर्ण, अर्जुन, भीम, बुद्धदेव की कथा पढ़कर।

**2. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाओ—**

(क) जब बूँद सीप में गिरी तो वह क्या बन गई—

जहर ☐ मोती ✓

(ख) पहले कैसी थैलियाँ प्रयोग होती थीं—

कागज की ✓ प्लास्टिक की ☐

(ग) भरत सीधे किसके पास पहुँचे—

कैकेयी के ✓ दशरथ के ☐

(घ) क्या पुस्तक पढ़कर ज्ञान प्राप्त होता है—

हाँ ✓ नहीं ☐

**3. बूझो पहेली—**

**सोचो और बताओ—**

(क) राम की माता का नाम **कौशल्या**

(ख) कृष्ण की माता का नाम **देवकी**

(ग) अर्जुन व भीम की माता का नाम **कुंती**

(घ) भीष्म की माता का नाम **गंगा**

(ङ) भगवान गणेश की माता का नाम **पार्वती**

# समग्र मूल्यांकन-I (Comprehensive Evaluation-I)

## (पाठ 1 से 8)

**1. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**(क)** विनायक को अपनी भूल का अहसास कब हुआ?

उत्तर— विनायक को अंत:पुर जाते ही अपनी भूल का अहसास हो गया।

**(ख)** आदिकवि किसे कहा जाता है?

उत्तर— महर्षि वाल्मीकि को आदिकवि कहा जाता है।

**(ग)** स्वस्थ रहने के लिए क्या आवश्यक है?

उत्तर— स्वस्थ रहने के लिए स्वास्थ्य संबंधी नियमों का पालन करना आवश्यक है।

**(घ)** बुधिया ने मनो दीदी के साथ क्या मजाक किया?

उत्तर— बुधिया ने मैदान में पड़े गोबर के ढेर को देवताओं का बादशाह बताकर उसकी पूजा करने को कहकर मनो दीदी से मजाक किया।

**2. कविता की पंक्तियाँ पूरी करो—**

हम प्रभात की **नई किरण हैं,**
हम दिन के **आलोक नवल।**
हम नवीन **भारत के सैनिक,**
धीर **वीर गंभीर** अचल।

**3. शब्दों के अर्थ लिखो—**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **शब्द**— | नवल | बरताव | परिचित | अवसर | अपमान | प्रताप |
| **अर्थ**— | नया | व्यवहार | जाना-पहचाना | मौका | बेइज्जती | तेज |

**4. पाठ के आधार पर 'सही' या 'गलत' लिखो—**

| | | |
|---|---|---|
| **(क)** | टॉम समय का पाबंद था। | गलत |
| **(ख)** | बैन रोजर ने टॉम को सेब दिया। | सही |
| **(ग)** | शाम तक दीवार पर चार बार पुताई हो चुकी थी। | गलत |
| **(घ)** | टॉम नौ बजे उठा था। | गलत |

**5. विलोम शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| उन्नति | **अवनति** | अपमान | **सम्मान** |
| शुभ | **अशुभ** | दु:ख | **सुख** |

**6. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| अध्यापक | हमारे गणित के **अध्यापक** स्वभाव के नम्र हैं। |
| संतुलित | हमेशा **संतुलित** भोजन करें। |
| शुद्ध | हमें **शुद्ध** वायु में साँस लेना चाहिए। |
| स्वस्थ | व्यायाम करके शरीर **स्वस्थ** रहता है। |

# समग्र मूल्यांकन-I (Comprehensive Evaluation-I)

## (पाठ 9 से 16)

**1. इन प्रश्नों के उत्तर लिखो—**

**( क )** लोग घर छोड़ते समय क्या सोचते हैं?

उत्तर—लोग घर छोड़ते समय सोचते हैं कि हम भविष्य की चिंता में घर छोड़कर बाहर तो निकल गए हैं लेकिन क्या हमारे साथ अच्छा होगा।

**( ख )** प्लास्टिक की थैलियों के प्रयोग को कैसे रोका जा सकता है?

उत्तर—प्लास्टिक की थैलियों के स्थान पर कागज की थैलियों का प्रयोग करके इनका प्रयोग रोका जा सकता है।

**( ग )** भरत ने राम से चरण पादुकाएँ क्यों माँगी?

उत्तर—भरत ने राम की चरण पादुकाएँ इसलिए माँगीं जिससे वह इन्हें सिंहासन पर रखकर वह उनके सेवक की भाँति काम-काज चला सके।

**( घ )** सहायता माँगने पर बकरी ने खरगोश से क्या कहा?

उत्तर—सहायता माँगने पर खरगोश से बकरी ने कहा—"जब गाय, घोड़ा और गधा तुम्हारी सहायता न कर सके तब मैं क्या कर सकती हूँ? मैं तो सबसे छोटी और निर्बल हूँ।"

**2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो—**

**( क )** श्रीराम ने भरत को **प्यार** से उठाया।

**( ख )** पादरी पिता ने न्यूटन की **पढ़ाई-लिखाई** की जिम्मेदारी ले ली।

**( ग )** थैलियों में **खाने** का सामान नहीं रखना चाहिए।

**( घ )** आप **अयोध्या** वापस चलें।

**3. समानार्थी शब्द लिखो—**

| | | | |
|---|---|---|---|
| अजब | **अजीब** | असीम | **बहुत अधिक** |
| वाणी | **वचन** | सहज | **आसान** |
| सच्ची | **सत्य** | पुलकित | **खुश** |

**4. शब्दों का वाक्य में प्रयोग करो—**

| | |
|---|---|
| भाग्य | **भाग्य** से अधिक कुछ नहीं मिलता। |
| काल | प्रात:**काल** में हवा चली रही थी। |
| अनमनी | वह **अनमनी**-सी विद्यालय जा रही थी। |
| कमल | **कमल** का फूल कीचड़ में उगता है। |

**5. वाक्य में से कर्ता शब्द चुनो—**

**( क )** **राजकुमार** रो पड़ा।

**( ख )** **मैं** उन्हें वापस लेकर जाऊँगा।

**( ग )** **श्रीराम** ने भरत को प्यार से उठाया।

**( घ )** **राजा दशरथ** के चार बेटे थे।

**6. पर्यायवाची शब्द लिखो—**

| | | |
|---|---|---|
| मित्र | **दोस्त** | **साथी** |
| ईश्वर | **भगवान** | **देवता** |
| दिन | **दिवस** | **वार** |